प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 20.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय मंत्री राममोहन नायडू ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर किया नई यात्री सुविधाओं का शुभारंभ, कहा– यात्रियों के सफर को अधिक सुगम व आरामदायक बनाना सरकार की प्राथमिकता।
- ट्रेजरी घोटाले पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर का कड़ा रुख; जिन विभागों में हुई फर्जी निकासी, वहां से डीडीओ को हटाने के निर्देश।
- रांची में सीएसआर कॉन्क्लेव 2026 का सफल आयोजन; श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने सामाजिक कल्याण के कार्यों को प्रभावी बनाने पर दिया जोर।
- पतरातु सुपर थर्मल पावर प्लांट की दूसरी यूनिट का ट्रायल सफल; राज्य को मिलेगी 85 प्रतिशत अतिरिक्त बिजली।
- हजारीबाग में ऑल इंडिया ओपन फाइड रेटिंग टूर्नामेंट शुरू; देश–विदेश के 272 खिलाड़ी बिसात पर आजमा रहे हैं चालें।

**********************

रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर आज यात्रियों की सुविधा के लिए कई नए यात्री–अनुकूल कदमों की शुरुआत की गयी। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडु ने एयरपोर्ट पर नवनिर्मित बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने फीचर वॉल, उड़ान यात्री कैफे, अवसर काउंटर, किड्स जोन और फ्लाईब्रेरी का भी शुभारंभ किया। मौके पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में शुरू हो रही इन पहलों का उद्देश्य एयरपोर्ट पर बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और यात्रियों के सफर को अधिक सुगम व आरामदायक बनाना है।

**********************

राज्य में सामने आए करोड़ों रुपये के ट्रेजरी घोटाले पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट आदेश दिया है कि जिन विभागों में फर्जी तरीके से सरकारी राशि की निकासी हुई है, वहां से डीडीओ को तुरंत हटाया जाए। श्री किशोर ने इस सिलसिले में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखा है।

**********************

भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने झामुमो महासचिव मिथिलेश ठाकुर द्वारा भारत का खंडित नक्शा जारी करने पर हमला बोला है। मरांडी ने इसे देश की अखंडता पर प्रहार बताते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर से सार्वजनिक माफी की भी मांग की।

**********************

राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर कल रांची में मीडिया कर्मियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन में सुबह साढ़े ग्यारह बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार विस्तृत जानकारी साझा करेंगे।

**********************

रांची में आयोजित सीएसआर कॉन्क्लेव 2026 में श्रम एवं कौशल विकास मंत्री संजय प्रसाद यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कॉन्क्लेव का मुख्य उद्देश्य राज्य में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी गतिविधियों को और प्रभावी बनाना है, ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के कार्यों को बेहतर गति मिल सके।

**********************

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बेड़ो प्रखंड में सिंगारसराय से कैरो समेत तीन महत्वपूर्ण सड़कों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने ढोल–नगाड़ों और पारंपरिक नृत्य से उनका स्वागत किया। मंत्री ने कहा कि मांडर विधानसभा में विकास की यह यात्रा जारी रहेगी और सभी वादे चरणबद्ध तरीके से पूरे किए जाएंगे।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदाचार को एक दीपक बताते हुए कहा है कि यह पूरे समाज को प्रकाशित करता है। सोशल मीडिया पर एक संस्कृत सुभाषितम साझा करते हुए उन्होंने कहा कि देश के लोग इसी आदर्श के साथ राष्ट्र–निर्माण में जुटे हैं। उन्होंने आचरण को संतुलित बनाने के लिए शास्त्रों के मापदंडों के अनुरूप कार्य करने पर जोर दिया।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नॉर्वे, स्वीडन, नीदरलैंड्स और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पूरी कर पांच देशों की यात्रा के पांचवें और अंतिम चरण में इटली पहुंच गए हैं। नॉर्वे की दो दिन की यात्रा के दौरान श्री मोदी ने नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोरे के साथ आपसी बैठक की। इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि नॉर्डिक देशों के साथ भारत की भागीदारी को पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकी और नवाचार रणनीतिक भागीदारी के स्तर तक ले जाने का निर्णय लिया गया है।

*********************

गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने महाराष्ट्र दौरे के दौरान लिज्जत पापड़ उद्योग की सराहना करते हुए इसे महिला सशक्तीकरण का आंदोलन बताया है। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा कि विकेन्द्रित उत्पादन का यह मॉडल महिलाओं को घर बैठे आत्मनिर्भर बनाता है। उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

*********************

राज्य के पतरातु सुपर थर्मल पावर प्लांट की दूसरी यूनिट का ट्रायल सफल रहा। 800 मेगावाट क्षमता वाली इस यूनिट के शुरू होने से राज्य को 85 प्रतिशत अतिरिक्त बिजली मिलेगी। इसके साथ ही एनटीपीसी समूह की कुल क्षमता 90 गीगावाट पार कर गई है, जिससे राज्य में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी।

*********************

धनबाद में अपराध नियंत्रण और त्वरित पुलिस कार्रवाई के लिए उपायुक्त और एसएसपी ने एक सौ बारह पेट्रोलिंग बाइकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि सायरन, ब्लिंकर और जीपीएस से लैस इन बाइकों की सीधी मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से होगी, जिससे शहर के तंग इलाकों में भी पुलिस रिस्पॉन्स टाइम बेहतर होगा।

*********************

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक में आज शून्य दशमलव तीन–पांच प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 75 हजार 157 जबकि निफ्टी 23 हजार 611 पर कारोबार कर रहा है।

*********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 47 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 74 हजार रूपये प्रति किलो है।

*********************

थाईलैंड में आयोजित थर्ड इंटरनेशनल राइफल शूटिंग चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली झारखंड की युवा निशानेबाज देवासी हेंब्रम को नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने विधानसभा में सम्मानित किया। उन्होंने देवासी को आधुनिक शूटिंग किट देने की घोषणा की है।

**********************

हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय में चौथी ऑल इंडिया ओपन फाइड रेटिंग चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस मुकाबले में विदेश सहित देश के 13 राज्यों से लगभग 272 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जहां उनके बीच रोमांचक मुकाबला जारी है।

**********************